हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

dku live & dkunews24

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

वर्ष : 01 अंक–119 : जौनपुर, शुक्रवार 06 जनवरी 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## ऐसा कोई सेक्टर नहीं जिसके लिए यूपी में संभावनाएं नहीं –सीएम योगी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के उद्योग जगत को प्रधानमंत्री के '$5 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था' के संकल्प को पूरा करने में योगदान का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि देश में सबसे बड़ी आबादी का राज्य उत्तर प्रदेश इस संकल्प को पूरा करने के लिए तत्परता से काम कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस समृद्ध आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की है उसकी राह उत्तर प्रदेश से होकर जाती है। यूपी में पोटेंशियल है, विजन है और अपार संभावनाएं हैं। हम अपने प्रदेश में निवेशकों को हर जरूरी संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं। इन संभावनाओं का लाभ लेने को उत्तर प्रदेश में उद्योग जगत का स्वागत है। गुरुवार को देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुम्बई में देश के दिग्गज उद्योगपतियों, वित्तीय, बैंकिंग व औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, कारोबारियों, निवेशकों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने सभी को 10–12 फरवरी तक लखनऊ में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदारी का निमंत्रण दिया। जीआईएस 23 के संबंध में विदेशों में हुए यूपी रोड शो की सफलता का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद यह पहला मौका था जब निवेशकों को आमन्त्रण देने टीम यूपी 16 देशों के 21 शहरों में गई। हमें वहां शानदार रिस्पांस मिला। इस दौरान सात लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव हमें मिले हैं। वहीं घरेलू निवेशकों से संवाद के लिए जारी रोड शो के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है, इसलिए यहां अपनों को आमन्त्रण देने मैं स्वयं आया हूं। बड़ी संख्या में निवेशकों की मौजूदगी देख मुख्यमंत्री ने कहा कि इतनी बड़ी उपस्थिति 'टीम यूपी' के लिए उत्साहवर्धक है। डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश के वाणिज्यिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक मूल्यों, परंपराओं, विविधताओं से उद्योग जगत को अवगत कराते हुए निवेश के दृष्टिगगत इनमें निहित संभावनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक यूपी की हालत जैसी थी, उससे सभी परिचित हैं। न वहां बेटियां सुरक्षित थीं, न व्यापारी और निवेशक लेकिन आज पूरा परिदृश्य बदल चुका है। आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी के 'पंच प्रण' का संदर्भ लेते हुए मुख्यमंत्री ने उद्योग जगत से इन प्रणों को पूरा करने के लिए आगे बढ़कर योगदान करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि आज जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, ऐसे मौके पर भारत, ब्रिटेन को पीछे कर दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आज प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी नेतृत्व में भारत दुनिया के 20 ताकतवर देशों के समूह जी–20 की अध्यक्षता कर रहा है। भट्टा–परसौल में कभी गोली कांड हुआ था, आज किसान खुशी से दे रहे जमीन प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल के सृजन और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में हर दिन दंगा होता था, आज छह वर्ष होने को हैं लेकिन कहीं एक भी दंगा नहीं हुआ। जमीन अधिग्रहण के लिए भट्टा–परसौल में गोली कांड से सभी परिचित होंगे, लेकिन आज जबकि हम उसी भूमि पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रहे हैं तो इस परियोजना के चौथे फेज के लिए जमीन अधिग्रहीत हो चुकी है। किसान खुद अपनी जमीन के रजिस्ट्री कागज मुख्यमंत्री आवास पर आकर सौंप रहे हैं। निवेशकों को यूपी आने का आमंत्रण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां उद्योगों के लिए पहली जरूरत 'जमीन' की कोई कमी नहीं है। हमने तो एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया है



और आज हमारे पास बड़ा लैंडबैंक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय पूरी दुनिया पस्त थी, लेकिन यूपी में उद्योग चलते रहे। हमारी सारी चीनी मिलें पूरे कोविड काल में चलती रहीं। कोरोना से पूरी दुनिया पस्त थी, हमारे यहां एक भी इंडस्ट्री बंद नहीं हुई। एक्सपोर्ट को रुकने नहीं दिया। भट्टा–परसौल में कभी गोली कांड हुआ था, आज किसान खुशी से दे रहे जमी प्रदेश में निवेश अनुकूल माहौल के सृजन और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन को श्रेय देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश में हर दिन दंगा होता था, आज छह वर्ष होने को हैं लेकिन कहीं एक भी दंगा नहीं हुआ। जमीन अधिग्रहण के लिए भट्टा–परसौल में गोली कांड से सभी परिचित होंगे, लेकिन आज जबकि हम उसी भूमि पर एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बना रहे हैं तो इस परियोजना के चौथे फेज के लिए जमीन अधिग्रहीत हो चुकी है। किसान खुद अपनी जमीन के रजिस्ट्री कागज मुख्यमंत्री आवास पर आकर सौंप रहे हैं। निवेशकों को यूपी आने का आमंत्रण देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां उद्योगों के लिए पहली जरूरत 'जमीन' की कोई कमी नहीं है। हमने तो एंटी भूमाफिया टास्क फोर्स बनाया है और आज हमारे पास बड़ा लैंडबैंक उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय पूरी दुनिया पस्त थी, लेकिन यूपी में उद्योग चलते रहे। हमारी सारी चीनी मिलें पूरे कोविड काल में चलती रहीं। कोरोना से पूरी दुनिया पस्त थी, हमारे यहां एक भी इंडस्ट्री बंद नहीं हुआ। एक्सपोर्ट को रुकने नहीं दिया। बेहतर कनेक्टिविटी, अपार संभावनाएं. .उद्योगों के विकास अनुकूल है माहौल मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि दुनिया में चार ही देश ऐसे हैं जहां यूपी से ज्यादा आबादी है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक उर्वरा भूमि वाला राज्य है। हमारे पास देश की कुल कृषि भूमि का 11: है लेकिन हम 20: खाद्यान्न पैदा करते हैं। मिलकर थोड़ा प्रयास किया जाए तो हम देश की कुल जरूरत का 30: से ज्यादा खाद्यान्न अकेले उत्पादन कर सकते हैं। यह पवित्र भूमि है। जब आम आदमी अपनी जड़ें तलाशता है तो यूपी की ओर देखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के इस हृदय स्थल प्रदेश में कृषि हो, फूड प्रोसेसिंग हो या फिर डेयरी, स्टार्ट अप, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, रक्षा उत्पादन आदि, ऐसा कोई सेक्टर नहीं जिसके लिए यूपी में संभावनाएं न हों। यूपी के विकास के लिए जारी प्रयासों को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के पहले यहां 02 एयरपोर्ट थे, आज 09 क्रियाशील हो चुके हैं और 10 पर काम जारी है। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए पूर्वी यूपी में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे है तो बुंदेलखंड में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे है। पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को जोड़ने के लिए गंगा एक्सप्रेसवे बन रहा है। राष्ट्रीय राजधानी से यूपी को जोड़ने के लिए यमुना और आगरा एक्सप्रेसवे है। यूपी की सीमा से जुड़े राज्यों और नेपाल से 4 लेन रोड की कनेक्टिविटी है तो हमारे सारे जिले लखनऊ से 4 लेन सड़क से जुड़े हुए हैं। 05 शहरों में मेट्रो है तो अभी परसों ही रैपिड रेल का ट्रायल भी हुआ है। यूपी म लैंडलॉक प्रदेश की समस्या भी खत्म हो गई है। हमारे यहां देश का पहला वॉटर–वे वाराणसी से हल्दिया तक शुरू हो चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी औद्योगिक परियोजनाओं के लिए जरूरी एमएसएमई इकाइयों का हमने क्लस्टर आधारित विकास किया है। 96 लाख एमएसएमई इकाइयां यूपी में पंजीकृत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश संभवतः पहला राज्य होगा जहां ध्4.68 लाख करोड़ के निवेश समझौते हुए और 5 साल में 4 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट जमीन पर उतर भी आये। यूपी जीआईएस उद्योग जगत को आमंत्रित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हम आपको सुरक्षा सहित हर जरूरी संसाधन देंगे। हमारे निवेश मित्र और निवेश सारथी पोर्टल निवेशकों के लिए बड़ी उपयोगिता वाले हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि औद्योगिक परियोजनाओं की प्रक्रिया में सरकार के स्तर से मानवीय हस्तक्षेप शून्य रहे। एमओयू होने के बाद मुख्यमंत्री कार्यालय सीधे परियोजना की प्रगति पर नजर रखता है। प्रदेश हित में निवेशक की सहूलियत और परियोजना की समयबद्धता और गुणवत्ता के लिए हम हर जरूरी प्रयास कर रहे हैं। योगी के विजन से जुड़ने उमड़े उद्यमी, गूंजती रहीं तालियां देश की आर्थिक राजधानी मुम्बई स्थित होटल ताजमहल के भव्य परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सुनने, उनके विजन से जुड़ने, बड़ी संख्या में उद्योगपति, निवेशक, बैंकिंग व वित्तीय जगत के दिग्गजों सहित औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि व अनेक कारोबारी मौजूद थे। मुम्बई में मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी को लेकर उद्योग जगत के उत्साह का आकलन इसी से किया जा सकता है कि कार्यक्रम स्थल पर खड़े रहने भर को जगह खाली न थी, तो मुख्यमंत्री का उद्बोधन खत्म होने तक सभागार के बाहर लंबी कतार में भी लोग खड़े रहे। मुख्यमंत्री का औपचारिक उद्बोधन समाप्त होने के बाद सभागार में मौजूद सभी ने खड़े होकर मुख्यमंत्री के सम्मान में तालियां बजाईं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में देर सायं जनपद स्तर पर कई बिंदुओं पर मासिक प्रगति समीक्षा बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में देर सायं विकास भवन स्थित सभागार में जनपद स्तर पर किए गए राजस्व कार्य संग्रह/भूमि सुधार/भू अभिलेख कार्य सहित अन्य बिंदुओं पर मासिक प्रगति समीक्षा बैठक की गई। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर खसरा की फीडिंग कराए एवं वरासत के मामले किसी भी दशा में लंबित न होने पाए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा 5 वर्षों से अधिक के लंबित वादों की समीक्षा के दौरान उपस्थित तहसीलदारों को निर्देशित किया कि लंबित वादों को प्राथमिकता के आधार पर शासन की मंशा के अनुसार निस्तारित करें।धारा 24 की समीक्षा के दौरान शाहगंज और मछलीशहर की अत्यधिक पेंडिंग के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया की धारा 24 के मामले का निस्तारण शीघ्र और गुणवत्तापूर्वक करें। जिलाधिकारी महोदय के द्वारा बड़े बकायेदारों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया गया कि बड़े बकायेदारों की ऑनलाइन फीडिंग कराने के साथ उनकी सूची मुख्यालयों पर चस्पा कराना सुनिश्चित करें और निर्देशित किया की स्टांप की वसूली



में आने वाली समस्या का निस्तारण कराने के साथ वसूली की गति को बढ़ाई जाए। उन्होंने कहा कि संपत्ति रजिस्टर की फीडिंग कराने के साथ ही आय, जाति, निवास के प्रार्थना पत्रों को किसी भी दशा में लंबित न होने दे। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामअक्षयबर चौहान, समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारगण, जिला विकास अधिकारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विकास खण्ड करंजाकला के पंचायत भवन प्रेमापुर में जन चौपाल का किया गया आयोजन

जौनपुर सू.वि. : शासन की मंशा के अनुसार जनपद के विभिन्न तहसीलों कें ग्राम पंचायत में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास खण्ड करंजाकला के पंचायत भवन प्रेमापुर में जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने चौपाल के दौरान लोगों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारी को निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि चौपाल के आयोजन का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाया जाना एवं समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाना है। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न लाभपरक योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करने तथा पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। चौपाल में जिलाधिकारी ने ग्रामवासियों को मनरेगा, पेंशन, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। चौपाल में वृद्धावस्था के 43, निराश्रित महिला पेंशन का 06, विकलांग पेंशन का 3 फार्म भरा गया। जिलाधिकारी ने कोटेदार राजेन्द्र यादव को निर्देशित किया कि कोटे की दुकान पर लिखवाये की कब और कितने तारिख को राशन वितरण किया जायेगा, जिससे ग्राम वासियों को जानकारी रहे। आशा द्वारा बताया गया कि गांव में 01 साल तक के कुल 42 बच्चे है जिसपर जिलाधिकारी ने आशा को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। उन्होंने आशा को निर्देशित किया कि पंचायत भवन में ही बैठे और आगनबाडी को निर्देशित किया कि 06 माह तक के बच्चो को दी जाने वाली दलिया, चने की दाल, चावल आदि का वितरण किया जाये। आशा द्वारा जिलाधिकारी महोदय को बताया गया कि तीन माह से कम के दो बच्चे अतिकुपोषित (लाल श्रेणी) में है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जो बच्चे अतिकुपोषित है उनके लिए जिला अस्पताल में एक सेंटर बना है जिसमें 14 दिन बच्चों को डाक्टरों की उपस्थित में रखकर स्वस्थ किया जाता है।चौपाल में श्रम विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा ग्रामवासियो के पूछा कि ग्राम में लेखपाल, आशा, आगनबाड़ी आती है या नही जिसपर ग्रामवासियो द्वारा बताया गया कि लेखपाल, आशा, आगनबाड़ी आती है। ग्राम प्रधान लालजी त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी से एक ए०एन०एम० सेंटर बनाये जाने की मांग की गयी। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती को निर्देशित किया कि सभी लेखपाल का रोस्टर बनाये। बीडीओ को कहा कि





लेखपाल पूजा और सचिव अश्वनी सिंह रोस्टरवार ग्राम पंचायत में अवश्य बैठे। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से कहा कि लेखपाल, सचिव गांव में नही आ रहे हो तो बीडीओ से शिकायत करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी के द्वारा प्रेमापुर में बन रहे पानी टंकी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंजीनियर कैलाश से जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य की जानकरी ली, इंजीनियर द्वारा बताया गया कि यह बोरवेल का काम पूरा हो गया है और ओएचटी का काम भी चल रहा है। पाइप लाइन का काम जल्द शुरू करवा कर गाव के सभी घरो को पानी सप्लाई कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जल्द से जल्द पाइपलाइन का काम शुरू करें और एक भी घर पानी से वंचित न रहे यह अवश्य ध्यान दें। चौपाल में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मम्मन यादव, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार भारती, जिला विकास अधिकारी बी०बी० सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी आर डी यादव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ० गोरखनाथ पटेल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## वेस्टोविन फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा चिकित्सकों संग बैठक सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वेस्टोविन फार्मास्युटिकल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की ओर से शहर के एक होटल में चिकित्सकों की बैठक आयोजित की गई।इस बैठक में कंपनी से आये डायरेक्टर व मैनेजर ने इस कंपनी के सभी प्रोडक्टों के बारे में प्रकाश डाला।इस मौके कंपनी के डायरेक्टर, मैनेजर द्वारा एक पार्टी भी नव वर्ष पर रखी गई।इस मौके पर कंपनी के डायरेक्टर व मैनेजर के अलावा शहर के सम्मानित चिकित्सकों में खास कर डाक्टर अजय तिवारी, डाक्टर मनोज सैनी, डाक्टर तपन चौधरी, डाक्टर पवन कुमार श्रीवास्तव, डाक्टर सुजीत मौर्या सहित एक दर्जन से अधिक चिकित्सक मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## रात्रि भ्रमण कर जिलाधिकारी ने जरूरतमंदों को वितरित किए कम्बल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जनपद में अलाव, रैनबसेरा की स्थिति को जानने के लिए जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा गत रात्रि जेसीज चौराहा, जिला अस्पताल, रोडवेज, जौनपुर रेलवे स्टेशन



सहित विभिन्न स्थानो पर निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा गरीब एवं असहायो को कंबल वितरित किया गया और लोगों से उनका हाल–चाल जाना। नगर मजिस्ट्रेट देवेंद्र सिंह को निर्देशित किया की शासन की मंशा के अनुरूप शीतलहर से बचने के लिए संपूर्ण व्यवस्था की जाए, जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने ईओ नगरपालिका जौनपुर को निर्देशित किया कि शीतलहर को देखते हुए विभिन्न तिराहों एवं चौराहों पर अलाव जलवाना सुनिश्चित करें।

## गरीब एवं असहाय बुजुर्गों को कम्बल एवं जरुरत की वस्तुएं किया वितरित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आर. एल. मेमोरियल स्कूल सुगामऊ इंद्रा नगर लखनऊ में श्रद्धेय बाबूजी कल्याण सिंह जी की जयंती पर लोधी समाज के युवा कार्यकर्ता एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों



ने बाबूजी को पुष्पांजलि दी। जिसमे नन्द किशोर लोधी प्रबंधक आर. एल. मेमोरियल स्कूल क्षेत्रीय पार्षद रामकुमार वर्मा भाजपा, वार्ड मंत्री मोहित लोधी एवं मोटिवेशनल , स्पीकर आदित्य लोधी ने बाबूजी के विचारों, कार्यों एवं अनुभव को याद करते हुए युवाओ और समाज के लोगों को उनके आदर्शो पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया और गरीब एवं असहाय बुजुर्गों को कम्बल एवं जरुरत की वस्तुए भेट की।

## पूर्व मंत्री का आलीशान मकान कुर्क

वाराणसी ब्यूरो : हत्या समेत कई आपराधिक मामलों में जेल में बंद पूर्व मंत्री व वर्तमान में भाजपा का दामन थाम चुके अंगद यादव पर आजमगढ़ पुलिस–प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। अंगद यादव का मकान शुक्रवार को जिलाधिकारी के आदेश पर कुर्क कर लिया गया। भारी फोर्स के साथ पहुंची प्रशासनिक टीम ने सिधारी क्षेत्र स्थित मकान को सील करने के साथ ही मुनादी भी कराई। इसके साथ ही मौके पर भारी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। अंगद यादव निजामाबाद विधान सभा सीट से कई बार विधायक चुने गए। बसपा सरकार में वे मंत्री भी बनाए गए थे। बसपा छोड़ भाजपा का दामन थाम चुके हैं। वर्तमान में वह जेल की सलाखों के पीछे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में निजामाबाद सीट से भाजपा ने अंगद यादव के भतीजे मनोज यादव को अपना प्रत्याशी बनाया था। अंगद यादव पर हत्या समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने 31 दिसंबर 2022 को ही अंगद यादव का सिधारी थाना क्षेत्र के मुसेपुर स्थित मकान को कुर्क करने का आदेश जारी किया था। शुक्रवार को कई थानों की फोर्स के साथ प्रशासनिक अमला मुसेपुर स्थित पूर्व मंत्री के घर पर पहुंचा। मकान को खाली करा कर उसे सील कर दिया और मुनादी भी कराई। पुलिस व प्रशासनिक अमले की इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मचा रहा।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

*–सुविचार–*

संतान चाहे कितनी भी बड़ी हो जाये, मां का आंचल कभी छोटा नहीं होता।

*–साभार ज्ञानामृत पत्रिका*

# विदेश में रहते हुए भी भारत के लोगों के दिलों पर राज करते जौनपुर के युवा पत्रकार जयप्रकाश तिवारी

जौनपुर ( विशेष संवाददाता जयप्रकाश तिवारी ) : जनपद जौनपुर के सुजानगंज ग्राम पंचायत मोहरियांव निवासी पत्रकार जयप्रकाश तिवारी का जन्मदिन सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों ने बधाई संदेश दीया. विगत पांच वर्षों से पत्रकार जय प्रकाश तिवारी अफ्रीका के जाम्बिया देश में कार्यरत है परंतु आश्चर्य की बात यह है कि लोग एक वर्ष में ही भूल जाते हैं परंतु उनका स्वभाव और लगाव अपने लोगों के प्रति ऐसा है कि एक एक व्यक्ति से जुड़े हुए हैं और लोगों के हर सुख दुःख में सोशल मीडिया के माध्यम अपनी भूमिका दिखाते नजर आते हैं अपने गृह जनपद और प्रदेश के लगभग लोगों से जुड़े रहते हैं जन्मदिन के अवसर पर बधाई देने वालों में ओम प्रकाश दुबे बाबा पूर्व विधायक बदलापुर, सुषमा पटेल पूर्व विधायक मुंगरा बादशाहपुर, लीना तिवारी पूर्व विधायक मड़ियाहूं, सुशीला सरोज पूर्व प्रत्याशी विधान सभा मछलीशहर, पूर्व प्रत्याशी मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा दिनेश शुक्ला गुड्डू भैया अनिल कुमार यादव सी जे एम नोएडा, ई दुर्गेश त्रिपाठी समीक्षा अधिकारी लोक सेवा आयोग प्रयागराज, डॉ प्रमोद के सिंह पूर्व प्रत्याशी मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा, धर्मेंद्र मिश्रा अधिवक्ता दिवानी न्यायालय जौनपुर, आलोक सिंह जिला पंचायत सदस्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद कुमार पांडे, उपाध्यक्ष सूर्य



कुमार तिवारी मानस परिवार सेवा ट्रस्ट मुंबई महाराष्ट्र, राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पांडे उपाध्यक्ष अमित द्विवेदी दीनदयाल फाउंडेशन संस्था, छात्र संगठनों के छात्र नेताओं सहित अन्य संस्थाओं के साथ साथ जनपद के तमाम प्रधान गण और प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी सहित प्रमुख अखबारों के सम्पादक और पत्रकार साथी और नेताओं के साथ साथ तमाम विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों और डाक्टरों ने भी बधाई दी और उनके चाहने वालों ने जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की. कहीं पर जौनपुर के युवा पत्रकार जयप्रकाश तिवारी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया।

# सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़े लोगों के उत्थान हेतु कार्य करती है भाजपा –राकेश वर्मा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के जिला उपाध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि भाजपा राजनीति सत्ता को व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन और विकास की दौड़ में पिछड़ गए लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने हेतु साधन के रूप में देखती है। उन्होंने माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा उत्तर प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में किये गए निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि माननीय न्यायालय के आदेश से समाजवादी पार्टी का षड़यंत्र विफल हो गया ।उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और भाजपा सरकार पिछडेध वर्ग के साथ ही समाज के सभी वर्गो के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है अपने शासनकाल में सपा–बसपा कांग्रेस ने पिछडेध, दलितों, शोषित, पीड़ित, वंचितों का वोट तो लिया लेकिन इनके लिए कुछ नहीं किया। सपा–बसपा कांग्रेस ने भ्रम फैलाकर इनको छलने का काम किया है उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग के सहयोग से सत्ता प्राप्त की लेकिन सत्ता का लाभ सिर्फ सैफई कुनबा तथा उनके कुछ चहेते लोगो तक सीमित रहा। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी ने अप्रत्यक्ष रूप से हाईकोर्ट में रिट दायर करवाकर नगरीय निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को समाप्त करने का षडयंत्र रचा है। लेकिन सपा अपने षड़यंत्र में सफल नहीं हो सकेगी। समाजवादी पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय समिति की रिपोर्ट का विरोध सपा के पिछड़ा वर्ग विरोधी होने का सबसे बड़ा प्रमाण है। भाजपा जौनपुर के जिला मंत्री प्रमोद यादव ने निकाय चुनावों को लेकर सपा की भूमिका पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि अखिलेश यादव का बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव से रिश्ते किसी से छुपे नहीं है। बिहार सरकार ने पिछडेध वर्ग के हितो की अनदेखी करते हुए निकाय चुनाव बिना आरक्षण के करा दिये। तब खुद को राष्ट्रीय पार्टी का मुखिया कहने वाले सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुप क्यों थे ? मोदी सरकार ने आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए भी आरक्षण को सुनिश्चित किया। इसका ही परिणाम है कि समाज में यह भाव जागृत हुआ है कि अत्यंत गरीब पृष्ठभूमि से आने वाला व्यक्ति भी सामाजिक–आर्थिक परिस्थितियों से उत्पन्न चुनौतियों से पार पाकर भारत का प्रधानमंत्री बन सकता है और देश को एक नई ऊंचाई तक ले जा सकता है।

# मेदांता लखनऊ ने गंभीर रोगियों की जान बचाने हेतु एक ही दिन में सफलतापूर्वक किया छह सर्जरी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ : अपनी स्थापना के समय से ही मेदांता लखनऊ का कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी विभाग (सीटीवीएस) डॉक्टरों और अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की अपनी सुपरस्पेशलिस्ट टीम के साथ लखनऊ, पूर्वांचल और मध्य उत्तर प्रदेश में रोगियों को उत्कृष्ट व्यापक हृदय, फेफड़े और वैस्क्युलर सर्जरी की सेवाएं प्रदान कर रहा है। महामारी के बावजूद विभाग ने पिछले तीन वर्षों में लगभग 2000 बड़ी हार्ट सर्जरी की हैं। यह यूनिट वयस्क और शिशु रोगियों के लिए सभी जटिल सर्जिकल सेवाएं प्रदान करती है, जिनमें रीडू सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, बहुत उच्च जोखिम वाली बाईपास प्रक्रियाएं और अल्ट्रा–स्किल्ड बिमा बाईपास सर्जरी, आदि शामिल हैं। इसी सिलसिले को जारी रखते हुए, डायरेक्टर सीटीवीएस, डॉ गौरंगा मजूमदार और उनकी टीम ने हाल ही में एक ही दिन में छह गंभीर जटिल सीएबीजी सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जिससे छह गंभीर रूप से बीमार रोगियों की जान बचाई जा सकी। डॉ मजूमदार ने कहा कि मेदांता अस्पताल संभवतः पूर्वांचल और मध्य यूपी का एकमात्र अस्पताल है जिसने एक ही दिन में छह उच्च जोखिम वाली सीएबीजी सर्जरी सफलतापूर्वक की हैं और सुरक्षा या गुणवत्ता का त्याग किए बिना ही प्रभावी परिणाम देने में सक्षम है। कुछ महीने पूर्व मेदांता अस्पतला ने एक ही दिन में छह बड़ी दिल की सर्जरी भी की, जिनमें सीएबीजी, वाल्व रिप्लेसमेंट और पीडियाट्रिक शामिल थीं। लखनऊ के कई अस्पतालों में इन जटिल –प्रक्रियाओं के लिए मरीजों को इंतजार करना पड़ता है, क्योंकि वहां लंबी वेटिंग लिस्ट होती है। लेकिन मेदांता अस्पताल अपने डॉक्टरों और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं की समर्पित टीम के कारण सस्ती कीमत पर अत्यधिक देखभाल के साथ 24/7 सर्जिकल और कार्डियक आईसीयू सेवाएं प्रदान करता है। डॉ मजूमदार के नेतृत्व वाली टीम ने हाल ही में 33 साल के युवा रोगी की एक बहुत ही उच्च्च जोखिम वाली डबल वॉल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी की। उन्होंने 7 साल पहले किसी और हॉस्पिटल में टिश्यू वाल्व के साथ डबल वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी करवाई थी और उनके दोनों टिश्यू वाल्व क्षतिग्रस्त



हो गए जिससे उनका दिल कमजोर हो गया। इसके चलते क्षतिग्रस्त वाल्व को हटाने और दो नए वाल्वों को फिर से लगाने की आवश्यकता पड़ी। उनकी सर्जरी सफल रही और उन्हें रिकॉर्ड 4 दिन में अस्पताल से छुट्टी मिल गई। डॉ मजूमदार ने बताया कि हालांकि बार–बार दिन की सर्जरी करना जोखिम भरा होता है, लेकिन यह एक सामान्य प्रक्रिया हो गई है। मेदांता लखनऊ में नियमित रूप से रीडू सर्जरी की जा रही है, जिसके उत्कृष्ट परिणाम मिले हैं। सीटीवीएस डिपार्टमेंट, मेदांता, लखनऊ, रोगियों के लिए आवश्यक टोटल आर्टेरियल बाइपास सर्जरी (बिमा) भी कर रहा है, जो मल्टी वेसल कोरोनरी आर्टरी डिजीज के लिए सबसे अच्छा उपलब्ध उपचार है। सीटीवीएस डिपार्टमेंट,, मेदांता लखनऊ ने इस शैक्षणिक वर्ष से डीएनबी सीटीवीएस प्रशिक्षण शुरू किया है, जिसके लिए दो सीटें आवंटित की गई हैं। मेदांता अस्पताल लखनऊ विभिन्न प्रकार की चिकित्सा सेवाएं प्रदान करता है। मेदांता के सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर परामर्श के साथ–साथ अत्याधुनिक चिकित्सा और डायग्नोस्टिक उपकरणों का उपयोग करके रोगियों को समग्र चिकित्सकीय देखभाल प्रदान करते हैं। मेदांता अस्पताल में इमरजेंसी, क्रिटिकल केयर, कार्डियक साइंसेज, न्यूरोसाइंसेस, कैंसर ट्रीटमेंट, यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, किडनी ट्रांसप्लांट, लिवर ट्रांसप्लांट, बोन मैरो ट्रांसप्लांट, आईसीयू आदि के अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं और यह पूर्वांचल और सेंट्रल यूपी का सबसे बड़ा अस्पताल है।

# भूख प्यास से तड़पते गोवंशो को डाक बंगले में किया गया संरक्षित

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली (हरदोई) : आधी अधूरी तैयारी के साथ आखिरकार नगर पंचायत ने अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए किसानों द्वारा खाली पड़े प्लाट में बंद किए गए दर्जनों गोवंशो को फिलहाल के लिए नगर



के डाक बंगले में संरक्षित कर लिया गया है। छुट्टा आवारा गोवंशो से परेशान किसानों ने नगर पंचायत को ज्ञापन सौंपकर आवारा गौरव को पकड़वाने के लिए 48 घंटे का समय दिया था समय सीमा समाप्त होने के बाद मंगलवार की सुबह गुस्साए किसानों ने दर्जनों गोवंशो को खदेड़ कर नगर में खाली पड़े एक प्लाट में बंद कर दिया था 2 दिन बाद आखिरकार नगर पंचायत की कुंभकरर्णी नींद खुली भूख प्यास से तड़पते दर्जनों गोवंश को आधी अधूरी तैयारी के साथ नगर के डाक बंगले में संरक्षित कर दिया गया नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रकाश चंद्र गोपालन ने बताया कि फिलहाल गोवंश के लिए भूसे पानी आज की वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है क्षेत्र में अधिकतर अस्थाई पशु आश्रय स्थल करीब–करीब फुल हो चुके हैं पशु चिकित्सा अधिकारी धर्मेंद्र कुमार वर्मा से बात कर दो–चार दिन में कहीं न कहीं इनको शिफ्ट करा दिया जायेगा।

# चेकिंग के नाम पर वर्दीधारियों ने ट्रक को रोका : चालक की पिटाई कर लूटे एक लाख रुपये

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी के मोहनसराय पुलिस चौकी के पास पंजाब के ट्रक चालक की पिटाई कर बदमाशों ने एक लाख 11 हजार रुपये लूट लिए। पुलिस की वर्दी पहने बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। ट्रक मालिक ने बुधवार की रात रोहनिया थाने में लूट, मारपीट और धमकी समेत अन्य आरोपों में एक नामजद समेत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पीड़ित ट्रक मालिक का आरोप है कि रोहनिया व मोहनसराय चौकी पुलिस ने इस मामले में चार दिन तक दौड़ाया। पंजाब स्थित रूप नगर के किरतपुर साहेब थाना अंतर्गत साहपुर बेला निवासी ट्रक मालिक बलबीर सिंह के अनुसार पश्चिम बंगाल से ट्रक पंजाब लौट रहा था। 18 दिसंबर की शाम पांच बजे मोहनसराय पुलिस चौकी क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक पहुंचा था। इस बीच गाड़ी के आगे तीन बाइक पर सवार छह युवकों ने ट्रक चालक रविंद्र को रोक लिया। मोहनसराय पुलिस चौकी पर ले आए ट्रक युवकों में तीन पुलिस की वर्दी में थे। गाड़ी रुकवाते हुए तलाशी शुरू कर दी। इसके बाद धमकी देकर ट्रक चालक से गाड़ी लेकर मोहनसराय पुलिस चौकी पर ले आए। गाड़ी के सभी कागजात दिखाने के बावजूद पुलिस की वर्दी में रहे तीन युवकों ने ट्रक चालक रविंद्र और खलासी जनरैल सिंह की पिटाई की। गाड़ी की दोबारा तलाशी के दौरान केबिन के लॉकर में रखे एक लाख 11 हजार रुपये निकाल लिए। इसके बाद ट्रक चालक और खलासी को चौकी पर बैठा दिया गया। पीड़ित बलबीर सिंह के अनुसार चौकी पर पहड़िया नामक व्यक्ति ने चालक से मोबाइल लेकर बात की और आरोप लगाया कि आपके ट्रक से नशे की बुकी लगभग पांच सौ ग्राम बरामद हुई है। गाड़ी छोड़ने के एवज में डेढ़ लाख रुपये की मांग इस वजह से गाड़ी बंद कर दी गई है। इसके बाद पहड़िया नामक व्यक्ति ने अपने पर्सनल नंबर से फोन करके गाड़ी छोड़ने के एवज में डेढ़ लाख रुपये की मांग की। जबकि ट्रक चालक ने बताया कि गाड़ी से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है, यह लोग फंसा रहे हैं। ट्रक मालिक का आरोप है कि अक्तूबर माह में भी हाईवे पर गाड़ी तलाशी के दौरान 36 हजार रुपये लूटे गए थे। उस समय महाराष्ट्र यात्रा पर रहने के कारण शिकायत दर्ज नहीं करा पाया था। ट्रक मालिक बलबीर सिंह का आरोप है कि 21 दिसंबर को ट्रक चालक के साथ मोहनसराय चौकी और थाना रोहनिया में तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई के बजाय धमकाया। चार दिन बाद उच्चाधिकारियों से गुहार लगाने पर मुकदमा दर्ज किया गया। इस संबंध में एसीपी रोहनिया विदुष सक्सेना ने बताया कि लूट प्रकरण की जांच कराई जा रही है। उस दिन के सीसी कैमरों को भी खंगाला जा रहा है। पीड़ित की ओर से दिए मोबाइल नंबरों की भी तस्दीक कराई जा रही है।

# माघ मेले से पहले ठंड ने भी दिखाए तेवर 12 वर्षों में सबसे नीचे रहा पारा



प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेला शुरू होने से एक दिन पहले मौसम ने भी तेवर दिखाए। बृहस्पतिवार को सीजन की सबसे अधिक ठंड रही और पारा 5.2 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। अधिकतम तापमान भी 11 डिग्री से रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार विगत 12 वर्षों में पांच जनवरी को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान इससे कम कभी नहीं रहा। अभी तीन दिनों तक ऐसे ही ठंड के आसार हैं। इस दौरान तापमान सात से 14 डिग्री के बीच रहने की उम्मीद है। बुधवार को अधिकतम तापमान 19.1 तथा न्यूनतम 10.8 डिग्री रहा। इस तरह से अधिकतम तापमान में एक दिन में 8.1 एवं न्यूनतम में 5.6 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। मौसम विज्ञानियों के अनुसार एक दिन में अधिकतम तापमान में इतनी गिरावट लंबे समय बाद दर्ज की गई है। इससे पहले 2013 में अधिक ठंड पड़ी थी, लेकिन उस वर्ष भी न्यूनतम तापमान छह एवं अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा। पश्चिमी हवाओं एवं पहाड़ों पर बर्फबारी की वजह से एक जनवरी से ही कोहरे एवं ठंड ने पूरे क्षेत्र को अपनी चपेट में ले लिया है। वहीं कोल्ड वेब की वजह से बृहस्पतिवार को तापमान में अचानक गिरावट दर्ज की गई। हवाएं चलने की वजह से हाड़ कपा देने वाली इस ठंड का अहसास बुधवार की रात से ही होने लगा था और भोर में पारा पांच डिग्री के करीब पहुंच गया। खास यह कि सुबह 10 बजे भी तापमान आठ डिग्री के आसपास रहा। हालांकि, दिन का अधिकतम तापमान कुछ देर के लिए 11 डिग्री जरूर पहुंचा, लेकिन पारा फिर नीचे गिरने लगा। दिन भर घना कोहरा रहा। ऐसे में दिन और रात के तापमान में अंतर कम होने की वजह से गलन और बढ़ गई तथा जिन्हें जरूरी था वे ही घरों से बाहर निकले। सरकारी दफ्तरों में ब्लोअर चालू थे तो जगह–जगह लोग अलाव के पास घेरा बनाकर बैठे दिखे। जनवरी में गिनती के दिनों में पांच डिग्री से नीचे गया तापमान मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार 2010 के बाद से पांच डिग्री से नीचे तापमान गिनती के दिनों में ही रहा। हालांकि, 2013 में आठ जनवरी को तापमान माइनस 0.3 डिग्री तक पहुंच गया था। 100 फीसदी नमी से बढ़ाई गलन बृहस्पतिवार को अधिकतम नमी 100 फीसदी रही। न्यूनतम आद्रता भी 97 फीसदी रही। इसकी वजह से गलन और बढ़ गई और लोग ठिठुरते रहे।

# परिसर व गर्भगृह की भव्यता दर्शाने के लिए रोशनी पड़ते ही झलक उठेगी राममंदिर की अद्भुत नक्काशी

अयोध्या ब्यूरो : राममंदिर की भव्यता तो अनुपम होगी ही, तकनीक के मामले में भी देश के चुनिंदा मंदिरों में शामिल होगा। राममंदिर की प्रकाश व्यवस्था भी हाईटेक होगी। रात में भी पहुंचने पर राममंदिर की अद्भुत नक्काशी झलकती नजर आएगी। राममंदिर के खंभों पर अद्भुत नक्काशी की गई है। मंदिर के गर्भगृह में भी धार्मिक थीम पर नक्काशी की जाएगी। इसकी भव्यता दिन में तो झलकेगी ही रात में भी यह नक्काशी भक्तों को आनंदित करे ऐसी योजना बन रही है। मंदिर के प्रकाश व्यवस्था की जिम्मेदारी दिल्ली की एक कंपनी को दी गई है। जिसने अपनी टीम के साथ अयोध्या पहुंचकर बुधवार रात प्रस्तुतीकरण भी दिया है। ट्रस्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इंजीनियरों की टीम ने मंदिर के अलग–अलग हिस्सों पर अलग–अलग रोशनी फैलाकर उसकी भव्यता दर्शाने की कोशिश की। कौन सी थीम पर किस तरह का प्रकाश दिया जाए। जिससे उसका आकर्षण रात में भी सामने आ सके। इंजीनियरों ने इसकी प्रस्तुति ट्रस्टियों व मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र के समक्ष दी। बताया गया कि मंदिर 161 फीट ऊंचा होगा। ऐसे में जमीन पर खड़े व्यक्ति को मंदिर के ऊपरी हिस्से की नक्काशी, भव्यता खासकर रात में नहीं दिख पाएगी। ऐसी व्यवस्था की जा रही है मंदिर के हर तल समेत शिखर तक की अद्भुत नक्काशी व भव्यता खास रोशनी के माध्यम से भक्त देख सकें। पर्व, त्योहारों पर खास होगी प्रकाश व्यवस्था राममंदिर की प्रकाश व्यवस्था पर्व व त्योहारों पर इस तरह की रहेगी जो भी देखेगा वह मंत्रमुग्ध हो जाएगा। त्योहारों में भक्त रात के



समय जब राममंदिर परिसर में प्रवेश करें तो उन्हें त्रेतायुग जैसी भव्यता की अनुभूति होनी चाहिए, कुछ ऐसी योजना है। रामनवमी, झूलनोत्सव में किस रंग की लाइटिंग की जाए, इसकी योजना पर विचार विमर्श चल रहा है। पर्व व त्योहारों पर थ्री डी मैपिंग व लेजर शो के जरिए रामकथा की प्रस्तुति पर भी विचार चल रहा है। मंदिर परिसर की प्रकाश व्यवस्था अत्याधुनिक होगी। बिजली की वायरिंग और साउंड सिस्टम की वायरिंग पत्थरों की दीवारों पर संभव नहीं है। ऐसे में आधुनिक वायरलेस तकनीक से बिजली लाइट और साउंड सिस्टम की तकनीकी व्यवस्था बनाने पर राय बनी है। लाइट किस–किस तरह सजेगी, खास अवसरों पर किस रंग की लाइटिंग होगी, इस पर भी मंथन किया गया। ये सिस्टम दिखेंगे नहीं, लेकिन उससे भजन और प्रकाश का संचालन होता रहेगा।

# सर्व सिद्धि योग में श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई पुण्य की डुबकी : मास पर्यंत अनुष्ठान शुरू

प्रयागराज ब्यूरो : भीषण ठंड और कोहरे के बीच माघ मेले के प्रथम स्नान का श्रीगणेश पौष पूर्णिमा से हो गया। गंगा, यमुना और अदृश्य संगम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सर्व सिद्धि योग में पुण्य की डुबकी लगाई। दोपहर तक तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्ननान किया। संगम तट पर एटीएस कमांडों को तैनात किया गया है। पौष पूर्णिमा डुबकी के साथ कल्पवासियों का मास पर्यंत चलने वाला अनुष्ठान शुरू हो गया है। शुक्रवार को भोर से ही हर हर महादेव और हर हर गंगे के उद्घोष के साथ पुण्य की डुबकी शुरू हो गई। बुधवार से ही श्रद्धालुओं का संगम पर पहुंचने का सिलसिला चालू हो गया था। माघ मेले में कुल 14 स्नान घाट बनाए गए हैं। कोविड प्रोटोकाल के साथ ही श्रद्धालुओं को मेले में प्रवेश दिया जा रहा है। सभी की थर्मल स्कैनिंग की जा रही है। रोज से ज्यादा शुक्रवार को कोहरे और ठंड का प्रकोप दिखा। बृहस्पतिवार को पारा लुढ़ककर पांच डिग्री पर पहुंच गया था। बावजूद इसके श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। भोर से ही स्नान दान का सिलसिला शुरू हो गया। फिलहाल तैयारियां अधूरी अधूरी तैयारियों के बीच कहीं बिजली नहीं तो कहीं सीवर लाइन के गड्ढे खोद कर छोड़ दिए गए हैं। इस तरह की समस्याओं की परवाह किए बिना कल्पवासी जप,तप, ध्यान के लिए पहुंचते रहे। अरैल, झूंसी के अलावा रामघाट, काली घाट, दशाश्वमेध घाट के अलावा मेला क्षेत्र में सेक्टरवाइज बने 14 घाटों पर इस बार पौष पूर्णिमा का स्नान होगा। वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित संतों की टोलियां भी स्नान के लिए संगम पहुंचेंगी। प्रथम स्नान पर्व पर आधी रात के बाद ही मेला क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया गया। इस दौरान ट्रैक्टर–ट्राली पर पुआल, लकड़ी,चूल्हा और गृहस्थी के सामान लेकर कल्पवासी अलग मार्गों से अपने शिविरों में पहुंचते रहे। इसी के साथ आम श्रद्धालुओं का भी रेला आधी रात से ही संगम की ओर बढ़ने लगा। घाटों पर गोताखोर लगाए गए, कमांडो दस्ते के साथ घुड़सवार पुलिस भी तैनात पौष पूर्णिमा पर कल्पवासियों, संतों, भक्तों के संगम पर डुबकी लगाने के लिए सुगम यातायात और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इस दौरान कमांडो दस्ते के साथ पुलिस के आला अफसर मार्च करते रहेंगे। इसके लिए अलग–अलग घाटों और तिराहों, चौराहों पर पुलिस, पीएसी, एटीएस, आरएएफ के अलावा घुड़सवार पुलिस, महिला पुलिस के



जवानों के साथ अग्निशमन दस्ते को तैनात किया गया है। गंगा की धारा में स्नानार्थियों की सुरक्षा के लिए गोताखोर भी लगाए गए हैं। एमडी ने किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के प्रबंध निदेशक शंभू कुमार ने बृहस्पतिवार को मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को मेला क्षेत्र में अधिक सतर्कता बरतने की हिदायत दी। उन्होंने मेला क्षेत्र में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए। प्रबंध निदेशक ने मुख्य अभियंता विनोद कुमार गंगवार और माघ मेला में तैनात अधिशासी अभियंता भविष्य कुमार सक्सेना से मेला क्षेत्र के कार्यों की पूरी जानकारी भी प्राप्त की। सवा पांच लाख रुद्राक्ष से बने महाकाल की यज्ञशाला में होगा राष्ट्र रक्षा महायज्ञ महाकुंभ के रिहर्सल के रूप में बसे माघ मेले में इस बार महाकाल की यज्ञशाला देश–दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं का ध्यान खींचेगी। इस यज्ञशाला में शुक्रवार से महीने भर चलने वाला राष्ट्ररक्षा महायज्ञ आरंभ होगा। सेक्टर तीन में खाक चौक स्थित महावीर मार्ग पर स्थित इस यज्ञशाला में सवा पांच लाख रुद्राक्ष के मनकों से महाकाल का पांच फुट ऊंचा शिवलिंग बृहस्पतिवार की शाम तैयार कर लिया गया। विशाल यज्ञ वेदी में चार चरणों में स्हस्त्र त्रिशूल स्थापित किए गए हैं। इसमें इसमें काले रंग के घेरा वाले त्रिशूल आतंक के विनाश के लिए, सफेद रंग के घेरे वाले त्रिशूल ज्ञान–विद्या के लिए और इसी तरह लाल रंग के त्रिशूल अर्थव्यवस्था मजबूत करने के लिए और पीले त्रिशूल शत्रु पराजय की कामना से लगाए गए हैं। इस महाकाल यज्ञशाला में पौष पूर्णिमा की सुबह सात बजे शिव योगी मौनी स्वामी लेटकर मंगल यात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा महावीर पांटून पुल से होकर संगम तट पर पहुंचेगी। वहां वह डुबकी लगाने के बाद उसी क्रम में यज्ञशाला वापस आएंगे और वहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ आरंभ होगा। इस यज्ञशाला में राष्ट्र रक्षा की कामना से सवा पांच लाख आहुतियां दी जाएंगी। साथ 1.51 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। मौनी बाबा ने बताया कि यह उनका 37वां अनुष्ठान है। इससे पहले माघ मेले में उन्होंने अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के लिए महायज्ञ किया था।

# जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक सम्पन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में 04 जनवरी 2023 को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि केराकत तहसील के 11 जाति प्रमाण पत्र व सदर तहसील के 51 प्रमाण पत्रों की पुनः जाँच राजस्व कर्मियों से करायी जाय। जॉच में अनिवार्य रूप से शासनादेश में वर्णित अभिलेखों यथा फसली – 1359, 1356, कुटुम्बर रजिस्टर की नकल, शैक्षिक संस्थाओं की टी०सी०, जनगणना 2011, 2001 आदि में यदि उस ग्राम में अनु०जनजाति/अनु०जाति की संख्या दर्शायी गयी है के दृष्टिगत तथ्यात्मक जॉच करते हुये जॉच आख्या समाज कल्याण विभाग जौनपुर को प्रस्तुत करें। तहसील केराकत सभी प्रकरणों में तहसीलदार केराकत द्वारा उपलब्ध कराय गयी आख्या के सम्बन्ध में तहसीलदार केराकत से स्पष्टीकरण उपलब्ध लिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। तहसील सदर के कुल 51 अनु०जनजाति के जारी प्रमाण पत्र को तहसीलदार सदर द्वारा दिये गये आख्या के क्रम में निर्देशित किया गया है कि तहसीलदार सदर को कारण बताओं नोटिस व स्पष्टीकरण दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है कि उक्त सन्दर्भित प्रमाण पत्र किस आधार पर जारी किये गये थे, अब किसी आधार पर इसे निरस्त किये जाने हेतु आख्या उपलब्ध करायी जा रही है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), उपजिलाधिकारी सदर, उपजिलाधिकारी केराकत व सदस्य सचिव डॉ० शशि शेखर जिला समाज कल्याण अधिकारी उपस्थिति रहे।

# अपराधियो में खौफ व जनता के दिलो में जगह बना रखे हैं आईपीएस अधिकारी डाक्टर मिश्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तेज तर्रार व अनुभवी पुलिस अधिकारियों में सेना नायक 34 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी व लगातार तीसरी बार प्रभारी एसएसपी माघ मेला प्रयागराज डाक्टर राजीव नारायण मिश्र की गिनती होती है। अपने कामो से वे अपराध जगत के लिये काल व जनता व अपने कर्मियों के दिलो पर राज करते हुये दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस क्षेत्र में एक से बढ़कर एक सराहनीय कार्य किया जिसके चलते उन्हें कई पुरस्कार के साथ साथ राष्ट्रपति पदक से भी सम्मानित हो चुके हैं।आईपीएस अधिकारी डाक्टर मिश्र का जन्म 30 अक्टूबर को विजयदशमी के दिन कानपुर नगर में हुआ था। इनके पिता जगत नारायण मिश्र उत्तर प्रदेश सरकार में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा माता मनोरमा मिश्र एक शिक्षित गृहस्थ महिला थी।इसी के साथ साथ उन्होंने दो विषयों में स्नातकोत्तर की डिग्री ही नहीं हासिल की बल्कि उन्हें साहित्य रत्न की उपाधि भी मिली थी।डाक्टर राजीव नारायण मिश्र के शिक्षा दीक्षा माध्यमिक और उच्च शिक्षा कानपुर में हुई।उन्होंने शासकीय सेवाओं के साथ–साथ पीएचडी की उपाधि रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से हासिल किया। इसके बाद डॉक्टर मिश्र कानपुर की एक निजी कंपनी में मैनेजमेंट ट्रेनी के रूप में तदोपरांत पीपीएन डिग्री कॉलेज कानपुर में प्रवक्ता के रूप में कार्य किया।उसके बाद डॉ मिश्र पुलिस क्षेत्र में आने से पहले मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग के माध्यम से पीसीएस संवर्ग में चयनित होकर मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में भी अपना योगदान दे चुके हैं।डॉक्टर मिश्र की धर्मपत्नी दीपिका मिश्र भी कानपुर की मूल निवासी और धर्म और अध्यात्म के साथ–साथ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से वह निरंतर समाज को भी लाभान्वित करती रहती हैं।वही डॉक्टर मिश्र के पुत्र अंशुमान मिश्र दिल्ली विश्वविद्यालय से एमबीए की डिग्री हासिल कर एक बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्यरत हैं तथा उनकी पुत्री पूर्वी मिश्रा एमबीबीएस की अंतिम छात्रा है।वही आईपीएस अधिकारी राजीव नारायण मिश्र की गिनती एक जांबाज पुलिस अधिकारी के रूप में की जाती है।इनके बारे में जितनी भी खूबी गिनाई जाए वह कम है।मालूम हो कि वर्ष 2010 बैच के आईपीएस अधिकारी डॉक्टर मिश्र की पहली तैनाती वाराणसी जनपद में हुई थी।इसके बाद उन्होंने अयोध्या,बरेली, मेरठ, नोएडा, कुशीनगर एवं लखनऊ में यह विभिन्न पदों पर नियुक्त रहे।वर्तमान समय में आईपीएस अधिकारी डॉक्टर मिश्र सेनानायक 34 वी वाहिनी पीएसी के पद पर तैनात है।प्रशिक्षण के दृष्ट से उन्होंने सिंगापुर पुलिस की कार्यप्रणाली को भी देखा हुआ समझा है।डॉक्टर मिश्र पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक के रूप में जनपद नोएडा में भी नियुक्त रहे।उन्होंने एसपी एटीएस तथा एसपी एसटीएफ के रुप में भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश की कमान संभाली।यही नहीं एक समय पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने वाले इस अधिकारी ने एसएसपी एसटीएफ के रूप में पूरे उत्तर प्रदेश की कमान संभाली तथा अभ्यस्त पेशेवर व पलायित अपराधियों पर शिकंजा कसते उन्हें नेस्तनाबूत किया।जब वे अयोध्या जिले में तैनात रहे तब उन्होंने अपने प्राणों की परवाह ना कर अपनी ड्यूटी व देश की सुरक्षा को शिरोधार्य करते हुए 5 जुलाई 2005 को श्री राम जन्म



भूमि अयोध्या पर हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के जवानों के साथ आतंकवादियों से सीधा मोर्चा लिया और हमले में शामिल सभी पांचो आतंकवादियों को मार गिराया। वही इन आतंकवादियों के पास से बड़ी संख्या में एके 47 रायफल, पिस्टल, हैंड ग्रेनेड,रॉकेट लॉन्चर जैसे विस्फोटक सामग्री बरामद हुई।जिसके चलते डॉक्टर मिश्र को इस साहसिक मुठभेड़ में अपनी जान की परवाह न करते हुए अदम्य साहस का परिचय देने के कारण उन्हें राष्ट्रपति भारत द्वारा वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से नवाजा गया।वही अभिनव प्रयोगों के लिए जाने वाले डॉक्टर मिश्र द्वारा सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं एवं इससे होने वाली आसमयिक मृत्यु की रोकथाम करने के उद्देश्य से एसपी ट्रैफिक नोएडा के रूप में नोएडा ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस वे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों का कैमरों के माध्यम से ऑटोमेटिक चालान किए जाने की व्यवस्था उत्तर प्रदेश में सर्वप्रथम प्रारंभ की गई।इस शुरुआत के सकारात्मक परिणाम सामने आए और सड़क दुर्घटनाओं की संख्या एवं मृतकों की संख्या में महत्वपूर्ण कमी आई।उन्होंने कई दुर्दांत अपराधियों जिन्होंने ना केवल उत्तर प्रदेश बल्कि आसपास के प्रदेशों हरियाणा राजस्थान बिहार दिल्ली आज राज्यों को भी अपने आपराधिक कृत्य से छलनी कर रखा था उनको मुठभेड़ में मार गिराने में एवं गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। वहीं डॉ मिश्र ने साइबर क्राइम के विभिन्न अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ–साथ भारत के बड़े बड़े अपराधों में से एक साइबर अपराध जिसमें लाखों लोग प्रभावित हुए थे उनके अनावरण करने के लिये अपने टीम का नेतृत्व किया। जिसमें उन्हें सफलता मिली वहीं अपराधियों द्वारा इस अपराध में धोखाधड़ी कर बड़ी संख्या में निवेशकों से 37000 करोड़ से अधिक की धनराशि एकत्र की गई थी।विभिन्न पुरस्कारों एवं मेडलो से अलंकृत पुलिस अधिकारी डॉ मिश्र को समय–समय पर दुनिया के सबसे बड़े मेलों में भीड़ प्रबंधन की जिम्मेदारी भी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी गई।संगम की रेती पर प्रत्येक वर्ष लगने वाले माघ मेला प्रयागराज को लगातार दो वर्षों से डॉक्टर मिश्र द्वारा एसपी मेला के रूप में सकुशल निर्विघ्न संपन्न कराया गया।विदित है कि कोरोना काल में भी इन दोनों माघ मेलों में व विभिन्न पर्वों पर करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम के पावन तट पर डुबकी लगाई।जिसे उन्होंने बखूबी अपने अनुभव से संपन्न कराया।जिसके चलते एक बार फिर उत्तर प्रदेश सरकार ने तीसरी बार आईपीएस अधिकारी डाक्टर राजीव नारायण मिश्र को प्रभारी एसएसपी माघ मेला प्रयागराज का दायित्व सौंपा है।पुलिस जवानों के हितों के प्रति संवेदनशील डॉ मिश्र ने कोविड–19 के प्रथम लहर के समय अपने वाहिनी की ओपीडी को रातों–रात चिकित्सालय में परिवर्तित किया और कोविड 19 से संक्रमित 48 जवानों एवं उनके परिजनों हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं कर चिकित्सा सुविधाएं इस अस्थाई चिकित्सालय में प्रदत कर सराहनीय कार्य किया।जिसके चलते परिणाम स्वरूप सभी लोग स्वस्थ हुए उनके इस मॉडल को पीएसी मुख्यालय द्वारा समस्त पीएसी बलों के लिए संपूर्ण उत्तर प्रदेश में लागू किया गया।हंसमुख विनम्र किंतु दृढ़ सद्भाव के जांबाज पुलिस अधिकारी डॉ राजीव मिश्र को वर्ष 2018 में पुनः राष्ट्रपति भारत द्वारा इनके सराहनीय सेवाओं को देखते हुए पुलिस पदक प्रदान किया गया। वही इसी कड़ी में उन्हें पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रशंसा चिन्हों से सम्मानित करते हुए सर्वोच्च प्लैटिनम डिस्क भी प्रदान की गई।इसके अलावा उनके सराहनीय कार्य को देखते हुये पुलिस विभाग, राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा दर्जन भर प्रशंसा पत्र से भी उन्हें सम्मानित किया गया है।डाक्टर राजीव नारायण मिश्र अपनी सफलताओं का श्रेय अपने माता–पिता धर्मपत्नी बच्चों एवं समय–समय पर अपने साथ लगे टीम के हर सदस्य को देते रहे हैं।

# सीओ यातायात व निरीक्षक यातायात ने दो पहिया व चार पहिया वाहनों में लगाया रिफ्लेक्टर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सड़क दुर्घटना को कम करने के लिये यातायात पुलिस ने सबसे पहले पुलिस कर्मियों के चार पहिया वाहनों व दो पहिया वाहनों के आगे व पीछे रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य किया।जिसका शुभारंभ डीआईजी/एसएसपी मुनिराज के दिशा निर्देश पर सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव,सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह व यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने संयुक्त रुप से यातायात कर्मियों के साथ पुलिस कर्मियों के वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाकर किया। यातायात पुलिस कर्मियों ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक कोतवाली नगर व कैंट थाना क्षेत्र में तैनात सभी पुलिस कर्मियों के चार व दो पहिया वाहनों के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य किया। इस मौके पर यातायात निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि अभी इस तरह का शुभारंभ पुलिस कर्मियों के गाड़ियों में रिफ्लेक्टर लगाकर किया जा रहा है। आने वाले दिनों में आम लोगों के वाहनों में




रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य किया जायेगा।वही इसके साथ ही साथ यातायात कर्मियों द्वारा वाहन स्वामियों से स्वयं अपने अपने वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने की अपील किया जायेगा।इसी कड़ी में सीओ यातायात प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि डीआईजी/एसएसपी के दिशा निर्देश पर इसी तरह जिले के सभी थाना प्रभारियों व थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी अपने अपने कार्यालय में तैनात सभी पुलिस कर्मियों के दो पहिया व चार पहिया वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाने का कार्य करें।

# असाध्य बीमारी से जूझ रहे अक्षित के इलाज को समाजसेवी हरिओम तिवारी ने बढ़ाया हाथ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिले कीबीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम पोस्ट बैती कला के बुकनवा निवासी अखिलेश मिश्रा का 4 वर्षीय मासूम बच्चा अछित मिश्रा का लखनऊ के एसजीपीजीआई में 6 माह से हो रहा है ब्लड ट्रांसप्लांट का इलाज अब तक करीब 15 लाख रुपए के आसपास इलाज में खर्च हुआ पैसा अब इलाज के लिए नहीं है पैसा कर्ज में डूबे बच्चे के मां–बाप का रो रो कर बुरा हाल है मुख्यमंत्री सहायता कोष से रु5 लाख का अनुदान दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में हो चुका है मासूम बच्चे का अपोलो हॉस्पिटल में ऑपरेशन होना है डॉक्टरों ने बताया है करीब 36 से रु50 लाख रुपए का खर्चा लगेगा मासूम का पिता गांव में ही एक छोटे से कपड़े की दुकान चलाकर घर का भरण पोषण करता है। एक परिचित व्यक्ति ने फोन के जरिए इस बात की जानकारी जिले के प्रख्यात समाजसेवी व उद्योगपति हरिओम तिवारी को दी तो उन्होंने तत्काल पीड़ित बच्चे के पिता के खाते में इलाज के लिए पैसे भेजते हुए बताया के शीघ्र ही वे अन्य अपने परिचितों के सहयोग से बीमार बच्चे की मदद के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कराएंगे। हरिओम तिवारी ने बताया किसी पीड़ित व्यक्ति की मदद करना ही सच्ची मानवता है इस काम में सभी को मदद करनी चाहिए।

# सीडीपीओ कार्यालय के सामानों पर गड़ी चोरो की निगाहें : तीसरी बार भी चोरी का प्रयास रहा विफल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्वास्थ्य विभाग के पुराने भवन परिसर में संचालित बाल विकास परियोजना कार्यालय बीकापुर के कीमती सामानों पर चोरों की निगाहें गड़ गयी हैं।चोर तीन बार कर चुके हैं चोरी का प्रयास लेकिन हर बार उनका निशाना रहा खाली हाथ। जिससे आजिज होकर सीडीपीओ कार्यालय में तैनात बाल विकास परियोजना अधिकारी राकेश कुमार गुप्त ने मामले की शिकायत मुकामी कोतवाली पुलिस से कर अज्ञात के विरुद्ध चोरी करने का प्रयास करने में मुकदमा दर्ज कराया है।आरोप हैं कि बीते 20 सितम्बर को असामाजिक तत्वों द्वारा कार्यालय के समरसेबल का तार काटकर चोरी करने का प्रयास किया था।इसके बाद 22 सितम्बर को कार्यालय व गोदाम की खिड़की तोड़ चोरी का प्रयास किया गया जो असफल रहा। आरोप हैं कि 2 जनवरी को भी कार्यालय की जाली तोड़ चोरी का प्रयास किया गया। जो नाकाम रहा है।ऐसी स्थिति में उन्होंने पुनः कार्यालय में चोरो द्वारा चोरी करने की आशंका जतायी हैं। उन्होंने कार्यवाही न होने से असामाजिक तत्वों का मनोबल बढ़ने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच उपनिरीक्षक राम प्रकाश मिश्रा को सौपी हैं।

# समाजसेवी ने गरीबों की मदद कर मनाया जन्मदिन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) स्थानीय गोसाईगंज नगर के समाजसेवी हनुमान सोनी अपना जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया। जहां जन्मदिन पर अक्सर लोग अच्छे आलीशान होटलों व प्रतिष्ठानों में केक काटकर मनाते हैं वहीं सोनी ने वंचित तबके के बीच पहुंचकर गरीबों में कपड़े बांटकर व मिठाई खिलाकर मनाया। स्थानीय नगर के रामबली नेशनल इंटर कॉलेज में स्टील के 8 कूड़ा दान स्वच्छता अभियान के लिए दिया है। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य सरोज दुबे जी ने समाजसेवी हनुमान सोनी के जन्मदिन पर फूलों का माला पहना कर बहुत सारी बधाई दी। समाजसेवी के जन्मदिन के मौके विद्यालय के टीचर सहित ऑल स्टाफ ने हनुमान सोनी को उनके जन्मदिन की बधाई दी। समाजसेवी हनुमान सोनी ने कहा कि मैंने गरीब बस्ती में जन्मदिन नहीं मनाया बल्कि गरीबों के बीच पहुंचकर मुझे जो एहसास हुआ जिससे लगा कि ये मेरे लिए गरीब बस्ती नहीं ईश्वरीय है, जहां मुझे आत्मीयता की बरसात मिली जो किसी स्वर्ग से बढ़कर है और हृदय से लगाकर दुआएं मिली जो मेरे लिए अमूल्य निधि से कम नहीं फिर इस ईश्वरीय बस्ती के चरणों में कौन अपना जन्मदिन नहीं मनाएगा। विद्यालय में गंदगी ना हो इसलिए हमने विद्यालय को स्वच्छ रखने के लिए आठ कूड़ेदान दान स्वरूप दिया हूं।समाजसेवी हनुमान सोनी के जन्मदिन के मौके पर रामबली नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा कि गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करने से इंसानियत की मिसाल कायम होती है। युवाओं को इस बारे में सोचकर इंसानों के लिए काम करना चाहिए। बताते चलें कि कोरोना काल में भी गोसाईगंज नगर क्षेत्र के वंचित समुदाय के बीच भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई वहां भी उस समय भी हनुमान सोनी में कच्चा भोजन क्षेत्रवासियों के बीच में बांटा था। अयोध्या से आए उपजा अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी वा उपाध्यक्ष वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता ने कहा कि असहाय व गरीब बच्चों संग अपनी खुशी के पल साझा करने के दौरान इन बच्चों के चेहरों पर काफी खुशी देखने को मिली। बच्चे ईश्वर का रूप माने जाते हैं, जिनकी मुस्कान से ईश्वर भी प्रसन्न होते हैं। लोगों ने राजकुमार की लंबी आयु की कामना की।

# सड़क हादसे में बाइक सवार महिला की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) देवकाली चौकी अंतर्गत स्थित एक बिस्कुट कंपनी के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक दंपति को टक्कर मार दी। इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि पति को मामूली चोट आई। पुलिस के अनुसार, किसी चार पहिया वाहन ने टक्कर मारी है जबकि पति का कहना है कि ई–रिक्शा से उनकी टक्कर हुई। पुलिस के अनुसार, पति ने हेलमेट लगाया था, लेकिन पत्नी ने हेलमेट नहीं लगाया था। डॉक्टर के अनुसार, सिर में चोट लगने से महिला की मौत हुई है।थाना क्षेत्र तारुन के रामपुरभगन निवासी आत्माराम वर्मा बुधवार को अपनी पत्नी रंजना वर्मा (35) का इलाज कराने बाइक से दर्शन नगर के मेडिकल कॉलेज गए थे। वहां से वह अपने जनौरा स्थित ससुराल जा रहे थे। अपराह्न करीब तीन बजे देवकाली के निकट एक वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उनकी पत्नी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। जबकि पति को हल्की–फुल्की चोट ही आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें जिला अस्पताल ले गई। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पति आत्माराम ने बताया कि सड़क पर सवारी बैठाने के लिए एक ई–रिक्शा चालक ने अचानक वाहन रोक दिया, जिससे उनकी टक्कर हो गई। इस संदर्भ में देवकाली पुलिस चौकी प्रभारी सुनील यादव ने बताया कि एक वाहन ने टक्कर मारी है। जिसकी पहचान कर ली गई है। उक्त गाड़ी बस्ती जिले के नंबर की है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिला चिकित्सालय ने दलालों के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिला चिकित्सालय ने दलालों के विरुद्ध पुलिस को दी तहरीर।इन दिनों जिला चिकित्सालय प्रशासन ने परिसर व वार्डो में घूम रहें फर्जी लोगों अथवा तथाकथित दलालों के विरुद्ध अभियान तेज कर दिया है। वहीं अभियान में असफल होने के बाद प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक ने एसएसपी को पत्र लिखकर कार्यवाही कि मांग किया है। चिकित्सालय के चिकित्सा अधीक्षक डॉ० विपिन कुमार वर्मा ने बताया की काफी दिनों से मेरी तरफ से सभी डाक्टरों व पैरामेडिकल स्टॉफ को हिदायत देते हुये कहा गया था की अपने इर्द गिर्द किसी भी अनजान व्यक्ति को न बैठने दें इससे अस्पताल की छवि धूमिल हो रहीं है। उसके बाद भी इन्हें रोकने में हम असफल रहें इसलिए चिकित्सालय प्रशासन ने इसके लिए पुलिस की मदद लेने का निर्णय लिया और एसएसपी को जिला चिकित्सालय की तरफ से एक शिकायती पत्र भेजते हुये परिसर में घूम रहें फर्जी लोगों के विरुद्ध नकेल कसने की अपील किया गया है। उन्होंने बताया की इसके अतिरिक्त निजी एम्बुलेंस वाहन के खिलाफ भी कार्यवाही करने की मांग किया गया है। बताया की यहां एम्बुलेंस के संचालक इमरजेंसी में पहुंचकर मरीजों के तीमारदारों को अपना शिकार बनाया जा रहा है जिसकी मौखिक शिकायत तो मिली है। परन्तु लिखित रुप से कोई शिकायत देने पर ऐसे तीमारदारों को धमकियाँ दी जाती जिससे कोई भी लिखित शिकायत देने को तैयार नही हो रहें है। ऐसे में भी अस्पताल की छवि धूमिल हो रहीं है। ऐसे सभी निजी एम्बुलेंसों के विरुद्ध भी पुलिसिया कार्यवाही की बात कही गयी है। वहीं सीएमएस की तहरीर पर बुधवार को ओपीडी कक्ष संख्या तीन में बैठे दो अनाधिकृत व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा गया जिन्हें रिकाबगंज चौकी पुलिस के हवाले किया गया। वहीं दोनों को पुलिस हिदायत देते हुए छोड़ दिया।

# डम्पर की टक्कर से ट्रैक्टर के खलासी की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) थाना इनायतनगर के बारुन चौराहे पर हुई सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर ट्राली के खलासी की मौत हो गई।सुबह फैजाबाद की ओर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली को बारुन चौराहे के समीप पीछे से अयोध्या– रायबरेली फोरलेन निर्माण में मिट्टी ढो रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दिया। दुर्घटना में डंपर ट्रैक्टर ट्राली को कुछ दूर तक घसीटते हुए ले गया।जिसमें ट्रैक्टर के खलासी श्यामलाल (33) पुत्र स्व संतराम निवासी ग्राम उधुई थाना कुमारगंज की मौत हो गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि डंपर ने ट्राली समेत सड़क के किनारे एक खाद बीज की दुकान के टीन शेड के साथ साथ एक रिहायशी मकान की दीवार एवं शौचालय टैंक को अपने चपेट में ले लिया। दुर्घटना में चपेट में आए मकान के मालिक शोभाराम पुत्र रामजस ने बताया कि डंपर की चपेट में आने से उसके मकान में भारी नुकसान पहुंचा है, लगभग 60,000 मूल्य के शौचालय टैंक के साथ–साथ एक दीवार पूरी तरह से धाराशाही हो गई है।खिहारन के पूर्व प्रधान राजकुमार यादव ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दिया।मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज बबलू कुमार ने 108 एंबुलेंस की सहायता से दुर्घटना में मरणासन्न खलासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय स्थित शव विच्छेदन घर पर भिजवाया गया है।

## अफसरों की टीम पहुंचते ही बिजली चोरी करने वालों में मची भगदड़

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उपखंड अधिकारी मिल्कीपुर अमित कुमार सिंह, उपखंड अधिकारी कुमारगंज संतोष कुमार सहित कई अधिकारियों की टीम जब अमानीगंज, खंडासा, कुमारगंज, मिल्कीपुर, परसपुर सथरा समेत अन्य गांवों में पहुंची तो बिजली बकायेदारों एवं विद्युत चोरी करने वाले लोगों में भगदड़ मच गई। फिलहाल विद्युत विभाग की टीम ने परसपुर सथरा गांव निवासी कुंवर बहादुर, विलदूता देवी, रामदेव, शिवराम, लालता प्रसाद समेत 16 बड़े बकायेदारों के खिलाफ एसडीओ ने विद्युत चोरी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दिया है। बिजली महकमें ने अभियान के दौरान तारा देवी, अमर पता, मोहम्मद अली, शेर अली समेत 92 बकायेदारों का कनेक्शन काट दिया है। इन लोगों के ऊपर 21 लाख 50 हजार रूपए की बकायेदारी है। बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होता देख अन्य विद्युत उपभोक्ता अपना विद्युत बिल जमा करने लगे। गुरुवार को अभियान के दौरान 8.50 लाख की विद्युत विभाग ने वसूली की तथा खुथहा अमानीगंज निवासी चंद्र प्रकाश पुत्र रामप्रकाश के खिलाफ विद्युत चोरी के मामले में 135 की कार्यवाही कराई गई। यह जानकारी अधिशासी अभियंता सत्यनारायण ने दी है।

# अयोध्या के मरीजों को लखनऊ के नहीं लगाने होंगे चक्कर

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) गंभीर बीमारियों से पीड़ित अयोध्या मंडल के मरीजों को अब राजधानी लखनऊ के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। हृदय, गुर्दा और मूत्र रोग से पीड़ित मरीजों को प्रदेश सरकार अब राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज अयोध्या) में ही सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं उपलब्ध कराएगी। महीने में आठ दिन प्रदेश के विशेषज्ञ चिकित्सक पीड़ित मरीजों का टेली मेडिसिन के माध्यम से इलाज करेंगे।इसे लेकर गुरुवार को शासनादेश जारी किया गया है। इसके अनुसार संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई), किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) तथा डा. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान (आरएमएल), लखनऊ के कार्डियोलाजी, नेफ्रोलाजी एवं यूरोलाजी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सक अयोध्या मेडिकल कॉलेज में टेली मेडिसिन की सेवाएं देंगे। हृदय, गुर्दा व मूत्र रोग से प्रभावित मरीजों को महीने के पहले और तीसरे सोमवार को एसजीपीजीआई के चिकित्सक सेवाएं देंगे। महीने के दूसरे सोमवार, दूसरे मंगलवार और चौथे मंगलवार को केजीएमयू के चिकित्सक मरीजों को परामर्श देंगे। वहीं महीने के पहले और तीसरे बुधवार एवं चौथे सोमवार को आरएमएल के विशेषज्ञ चिकित्सक टेली मेडिसिन के माध्यम से मरीजों का इलाज करेंगे।

## वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह 8 जनवरी को होगी आयोजित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अयोध्या धाम चैरिटेबल ट्रस्ट का वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह 8 जनवरी को आयोजित किया गया है कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अयोध्या धाम चौरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय महेंद्र ने बताया कि वार्षिक उत्सव समारोह में सामाजिक क्षेत्र में बड़ा कार्य करने वाले प्रदेश की 4 महान विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा जिसमें श्री सूर्यकांत पांडे प्रबंध निदेशक अशफाक उल्ला खान शहीद शोध संस्थान अयोध्या शोभा ठाकुर सचिव साईं दीप फाउंडेशन लखनऊ सरदार धर्मवीर सिंह बग्गा संयोजक सेवा ही धर्म टांडा अंबेडकर नगर को अयोध्या अलंकार से सम्मानित किया जाएगा तथा ट्रस्ट के सचिव मोहम्मद मंजूर खान को अयोध्या सम्मान से नवाजा जाएगा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश श्री नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर अजय प्रताप सिंह चीफ प्रॉक्टर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय वह महंत कृपालु राम भूषण दास जी महाराज दशरथ महल अयोध्या होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के अध्यक्ष रामलाल जी करेंगे श्री महिंद्रा ने बताया कि कार्यक्रम 8 जनवरी रविवार प्रातः 11:00 बजे से शहर के सिविल लाइन स्थित होटल शाने अवध के सभागार में होगा कार्यक्रम में शहर के नामचीन व विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का सात जनवरी को होगा महासम्मेलन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का विशाल व्यापारी महासम्मेलन 7 जनवरी 2023 दिन शनिवार अपराहन 12:00 बजे मारवाड़ी भवन फतेहगंज अयोध्या में आयोजित किया जा रहा है यह सम्मेलन अयोध्या तथा आसपास के सभी व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है इस सम्मेलन का मुख्य मकसद व्यापारियों हर प्रकार से सहयोग करना है संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष विजय सिंह बिल्लू के अनुसार उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का काम व्यापारियों को हर प्रकार की सुरक्षा संरक्षण एवं सरकार द्वारा दिए जाने वाले हर योजनाओं को उन तक पहुंचाने एवं उनके हितों के लिए लड़ने का काम करेगा इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री माननीय नितिन अग्रवाल जी मुख्य वक्ता अयोध्या सांसद लल्लू सिंह अध्यक्षता महापौर अयोध्या ऋषिकेश उपाध्याय विशिष्ट अतिथि वेद प्रकाश गुप्ता विधायक अयोध्या डॉ अमित सिंह चौहान विधायक बीकापुर बृजेश शुक्ला प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा व संजीव सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा अभिषेक मिश्रा महानगर अध्यक्ष भाजपा अयोध्या एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश पदाधिकारियों जिला महानगर पदाधिकारी व समस्त व्यापारी उपस्थित रहेंगे।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।